गोपाष्टमी के पर्व की शुभकामनाएं

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ मंगलवार ♦ 17 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 917

विधायक ताराचंद सारस्वत के जन्मदिन पर हुए अनेक आयोजन, नेताओं और समर्थकों ने दी शुभकामनाएं


लक्षिता पुत्री विजय धनवानी, लैंग्वेज ट्री इंग्लिश अकैडमी की छात्रा ने विधायक का चित्र बनाकर भेंट कर बधाई दी।


गोपाल गौशाला में की गौसेवा।


माताजी मन्दिर में की पूजा अर्चना।


समर्थकों ने पहनाए साफे और फूलमालाएं।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। क्षेत्रीय विधायक ताराचंद सारस्वत के जन्मदिवस पर सोमवार को अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और नेताओं व समर्थकों ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं दीया कुमारी, कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अनेक मंत्रियों, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं समर्थकों ने विधायक को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं।विधायक सारस्वत ने आड़सर बास स्थित माताजी मंदिर, पूनरासर के हनुमानजी मन्दिर में पूजा अर्चना की। वहीं गोपाल गौशाला पहुंचकर गौमाता को चारा एवं गुड़ खिलाया। दिनभर विधायक सेवा केंद्र में उपखंड क्षेत्र से लोगों के पहुंचने का क्रम जारी रहा और विधायक को बधाई दी। अनेक भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों व समर्थकों ने विधायक से केक कटवाया व पुष्पगुच्छ देकर मंगलकामनाएं की।


ग्रामीण अंचल से आए जनप्रतिनिधियों व समर्थकों ने दी शुभकामनाएं


विभिन्न गांवों से पहुंचे समर्थक, दी शुभकामनाएं



पूनरासर धाम के हनुमानजी मन्दिर में कई पूजा अर्चना।

घर की दीवार फांदकर घुसे युवक ने विवाहिता के साथ किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। घर की दीवार फांदकर आए एक युवक ने एक विवाहिता के कमरे में घुसकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने श्रीडूंगरगढ़ थाने पहुंचकर नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति डेयरी में काम करता है और वह खेतों में मजदूरी करती है। आरोपी युवक अन्य महिला श्रमिकों के साथ उसे गाड़ी से लाने लेजाने का काम करता था। युवक ने इसी दौरान उसके फोटो ले लिए और फोटो एडिट कर उसे ब्लैकमेल करने लगा। गत 11 नवंबर की रात 11 बजे उसके पति की गैरमौजूदगी में आरोपी उसके घर की दीवार फांदकर उसके कमरे में घुसा और उसका मुंह बंदकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी दीवार फांदकर भागने लगा तो उसे घर के निकट दुकान पर बैठे कुछ युवकों ने आरोपी को चोर समझकर पकड़ा व पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई राजेंद्र कुमार को दी है।

बीच सड़क खड़े 33 केवी पोल को हटाने की मांग

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत बिग्गा के जागरूक ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को पत्र देकर एनएच 11 से गांव अमृतवासी जाने वाली सड़क के बीच में खड़े 33 केवी पोल को हटाने की मांग की है। इस दौरान चंपालाल रेगर, शोभाराम सारण, तेजाराम डूडी, कमल भार्गव, हनुमा नाराम भार्गव ने अधिकारी को बताया कि इस पोल से छोटे बड़े वाहनों को आवागमन में भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका भी मंडरा रही है। विभागीय अधिकारी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया।





नवनिर्वाचित सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया, पूर्व सरपंच ने संभलाया चार्ज, मौजिज ग्रामीण हुए शामिल



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। नवनिर्वाचित सरपंचो के कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में सर्वाधिक 934 मतों से विजय हुई सत्तासर सरपंच मंगेज कंवर पत्नी दिवंगत विक्रमसिंह सत्तासर ने सोमवार सुबह पंचायत भवन में कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व सरपंच सुनील मलिक ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए पंचायत भवन की चाबियां व सरपंच मोहर सौंपी। कार्यभार ग्रहण समारोह में सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पंवार, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश मीणा, उपसरपंच मोहनसिंह रेवाड़ा, पंच परमेश्वरलाल सारण, मणि शंकर शर्मा, बालकिशन शर्मा, जितेंद्रसिंह, अमरदीप शर्मा, रामदेव बावरिया भी उपस्थित रहें। इस दौरान मन्नाराम, मघाराम, गुमानसिंह, चेतनराम, जेठूसिंह, आदूराम, मानसिंह, भंवर सिंह, गोविंद सिंह, नौरंगलाल, पवन सुथार, भंवरनाथ, हीराराम भगत, भंवरलाल, ओम प्रकाश, केशराराम, गोपालाराम, निराणासिंह, कुंभाराम, मघाराम, पुशसिंह लालासर सहित अनेक मौजिज ग्रामीण भी मौजूद रहें। सभी ने सरपंच को बधाई देते हुए गांव में विकास के नए आयाम स्थापित करवाने की बात कही। सरपंच मंगेज कंवर ने सभी का आभार जताया।



दूध पिकअप ने बैक लेते हुए युवक को मारी टक्कर, घायल ने अस्पताल में दम तोड़ा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। दूध पिकअप ने बैक लेकर एक युवक को टक्कर मार दी जिससे घायल युवक की ईलाज के दौरान सोमवार सुबह अस्पताल में मौत हो गई। सेरूणा थानाधिकारी इमीचंद ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8 बजे पूनरासर रोड पर समंदसर में दूध लेकर पीछे खड़े युवक 36 वर्षीय जेठाराम पुत्र परतुराम जाट निवासी बींझासर घायल हो गया। परिजन उसे पीबीएम अस्पताल लेकर गए जहां घायल युवक ने सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। मृतक के छोटे भाई औंकारराम ने मामला दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई समंदसर में मामा भारूराम के यहां बॉयलर में काम करता था। पिकअप चालक जयनारायण ने लापरवाही व गफलत में गाड़ी चलाते हुए उसके भाई द्वारा दूध तौलकर लिए जाने के बाद पीछे खड़े को टक्कर मार दी। जिससे गिरने से जेठाराम के सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल विनोद कुमार को दी है। हैड कांस्टेबल विनोद कुमार ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

श्रीगोपाल गौशाला में दिनभर गौपूजन के बाद होगा सांस्कृतिक उत्सव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। आड़सर बास, गौरव पथ पर स्थित श्रीगोपाल गौशाला समिति की ओर से गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। यहां मंगलवार को दिनभर गौपूजन एवं श्रीकृष्ण पूजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 3 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्बोधन समारोह का आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष जसराज मालू एवं मंत्री जगदीश प्रसाद स्वामी सहित समिति सदस्यों ने सभी गौभक्तों को आमंत्रित करते हुए गोपाष्टमी उत्सव में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है। गोपाष्टमी के अवसर पर होने वाले इन आयोजनों के लिए समितियों ने विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं विदित रहें क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में गोपाष्टमी पर गौपूजन के कार्यक्रम संपन्न होंगे।

आम जन में विकसित हो भाषा की समझ- श्याम महर्षि - व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा को मिला- श्री चुन्नीलाल सोमानी कथा पुरस्कार



श्रीडूंगरगढ टाइम्स 17 नवंबर 2026। प्रतिष्ठित व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा को चुन्नीलाल सोमानी कथा पुरस्कार समारोहपूर्वक सोमवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति भवन के प्रांगण में दिया गया। पुरस्कार स्वरूप इकतालीस हजार रुपये की राशि, शॉल,साफा श्रीफल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थानी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय चिंता की बात है कि बहुत तेजी से लोक भाषाएं कालकवलित होती जा रही हैं। अपनी भाषा को बचाना, लोकतंत्र बचाने जितना ही महत्वपूर्ण कार्य है। आपने कहा कि राजस्थानी भाषा को बचाने की सुध न तो गूंगी बहरी सरकारें ले रही हैं और न ही आम जनता। आपने बुलाकी शर्मा के लेखन को राजस्थानी में व्यंग्य विधा को प्रतिष्ठा दिलानेवाला बताया। पुरस्कार के प्रायोजक लक्ष्मीनारायण सोमानी ने अपने उद्बोधन में इस बात पर बल दिया कि लेखक लोग अपने लेखन को सोशल मीडिया के मुकाबले में बचाए रख सकें, ऐसा प्रयास करना चाहिए। सोशल मीडिया ने लेखन विधा को समाप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए साहित्यकार डॉ मदन गोपाल लढा ने कहा कि बुलाकी शर्मा की व्यंग्य लेखन के क्षेत्र में सुदीर्घ तपस्या कही जा सकती है। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र की विषमताओं तथा विदरूपताओं को उजागर किया है। व्यंग्यकार शंकरसिंह राजपुरोहित ने कहा कि जब तक पाठक तैयार नहीं किए जाएंगे, लेखन के समक्ष चुनौतियां बनी रहेंगी।

प्रारम्भ में डॉ चेतन स्वामी ने पुरस्कार समिति की ओर से उपस्थित जनों का स्वागत किया। पुरस्कार समिति के अध्यक्ष ताराचंद इन्दौरिया ने कहा कि राजस्थानी को आगे बढाने में सोमानी परिवार भी अपने प्रयास कर रहा है। लेखकीय वक्तव्य के रूप में बोलते पुरस्कृत साहित्यकार बुलाकी शर्मा ने अपनी व्यंग्योक्तियों से उपस्थित जनों को गुदगुदाया। आपने कहा कि मेरा लेखन आत्मकथात्मक है, क्योंकि अपनी कमियों को मैं ही नहीं उजागर करूंगा तो कौन करेगा.? व्यंग्य की शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ मदन सैनी, कमल पीपलवा, महावीर माली, रूपचंद पारीक, श्रीप्रकाश मुन्ना, रामचन्द्र राठी, श्रीभगवान सैनी, महावीर सारस्वत, शूरवीर मोदी, मनोज डागा, तुलसीराम चौरड़िया, चांदरतन राठी, बाबूलाल लखोटिया, श्रीगोपाल राठी, श्यामसुन्दर लखोटिया, प्रकाश मूंधड़ा, ओम गुरावा, लक्ष्मीदेवी सोमानी, श्याम आर्य सहित अनेक बुद्धिजीवी शामिल हुए। समारोह में मंच-संचालन साहित्यकार सत्यदीप ने किया। आभार बजरंग शर्मा ने प्रकट किया।



विद्यालय के सामने लगे ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। आड़सर बास में ब्राइट फ्यूचर स्कूल के समक्ष मुख्य गली में लगे ट्रांसफार्मर को बच्चों के लिए खतरा बताते हुए जागरूक युवा श्याम सारस्वत ने हटाने की मांग की है। सारस्वत ने विधायक तारानंद सारस्वत सहित विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन देकर इसे दुर्घटनाओं को न्यौता देने वाला व बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए शीघ्र हटाए जाने की बात कही। सारस्वत ने बताया कि वार्ड 28 में सड़क पर बिल्कुल नीचे लगे इस ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग लंबे समय से स्थानीय नागरिक कर रहें है परंतु कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि विधायक ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

नवनिर्वाचित सरपंच ने कार्यभार ग्रहण कर लिया गांव के विकास का संकल्प, ये रहें मौजूद



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत बाना की नवनिर्वाचित सरपंच मेनका देवी ने सोमवार सुबह पंचायत भवन में विधिवत कार्यभर ग्रहण किया। सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल बाना ने गांव के विकास का संकल्प दोहराया और बिना किसी भेदभाव के गांव के उचित कार्य करवाने के पूरे प्रयास करने की बात कही। इस दौरान गोमदनाथ, हुकम नाथ, बुधराम नायक, हंसराज बाना, ओमप्रकाश बाना, हंसराज सिद्ध, संतोष बाना, नारायण स्वामी, गोपाल दास, प्रभुराम, सीताराम, विक्रम, किशनाराम सहित अनेक मौजिज ग्रामीण व अनेक महिलाएं मौजूद रहें। ग्रामीणों ने सरपंच को फूलमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी। सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल बाना का साफा पहनाकर सम्मान करते हुए बधाई दी।

मुख्य बाजार में सुलभ सुविधाओं से फैली गंदगी से आमजन परेशान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। वहीं मुख्य बाजार में टेक्सी स्टैंड पर बने शौचालयों की सफाई नहीं होने से यहां व्यापारी, यात्री, राहगीर व आमजन खासा परेशान हुए। सोमवार को ओवरफ्लो शौचालयों से बाहर दूर तक फैली गंदगी व बदबू से लोगों का यहां खड़ा रहना दूभर हो गया। जागरूक युवाओं ने पालिका प्रशासन से मुख्य बाजार के सुलभ शौचालय की नियमित सफाई करवाने की मांग करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

कॉलेज छात्राओं को दी कानूनी जानकारी




श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। राजकीय महाविद्यालय श्रीडूंगरगढ़ में राजस्थान महिला नीति के तहत सोमवार को महिला कानूनी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न अधिनियम 2013 एवं दहेज अधिनियम 1986 के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया गया एवं अपने अधिकारों की रक्षा से संबंधित नियम एवं कानून के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान महिला नीति प्रभारी सुश्री शुभनंदिनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अमित तंवर ने भी छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

बीच बाजार फैले गंदे पानी से दुकानदार और ग्राहक परेशान



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 17 नवंबर 2026। सोमवार सुबह मुख्य बाजार में ओवर फ्लो नालों से फैले गंदे पानी ने आमजन को खासा परेशान किया। एसबीआई बैंक व पोस्ट ऑफिस आने जाने वाले उपभोक्ता ही नहीं इस गली से गुजरने वाले राहगीर, यहां के दुकानदार व ग्राहक भी खूब हैरान हुए। गंदे पानी में से बमुश्किल गुजरने की मजबूरी पर लोगों ने नाराजगी भी जताई। जागरूक युवाओं ने पालिका के जिम्मेदारों को फोटो वीडियो भेज कर सफाई करवाने की मांग भी की।

हाइवे पर अनियंत्रित होकर पलटी कार, बाप बेटी सुरक्षित



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सोमवार सुबह बीकानेर जा रही एक कार शेरुणा से झंझेऊ के बीच अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे जाकर पलट गई। गनीमत रही कार सवार बाप बेटी सुरक्षित रहें। शेरुणा पुलिस भी मौके पर पहुंची व हाइवे टोल टीम ने मौके पर पहुंच कर कार सवार को प्राथमिक उपचार देते हुए बीकानेर भेजा।

गोपाष्टमी आज, गौं सेवा का गूंजेगा संदेश

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखने वाला गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और गौ सेवा के संदेश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण और गौ माता को समर्पित है। इस अवसर पर मंदिरों, गौशालाओं और धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन तथा सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। श्रद्धालु गौ माता की पूजा कर परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। गोपाष्टमी का पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय समाज में गौवंश के महत्व, संरक्षण और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का अवसर भी है। इस दिन लोग गौ माता को तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर तथा गुड़, हरा चारा और अन्य खाद्य सामग्री खिलाकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी है गोपाष्टमी की परंपरा

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गोपाष्टमी का संबंध भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार बछड़ों के स्थान पर गायों को चराने का दायित्व संभाला था। इससे पहले वे बछड़ों की देखभाल किया करते थे। इस प्रसंग के बाद भगवान श्रीकृष्ण को गोपाल और गोविंद के नाम से भी विशेष रूप से जाना जाने लगा। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गौ माता के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। गोकुल और वृंदावन की गलियों में ग्वाल-बालों के साथ गायों को चराने जाना, बांसुरी बजाना और पशुओं के साथ समय बिताना उनकी बाल लीलाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। यही कारण है कि गोपाष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के गोपाल स्वरूप की विशेष पूजा की जाती है।

सुबह से शुरू होंगे धार्मिक आयोजन

गोपाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिलता है। परंपरा के अनुसार लोग प्रातः स्नान कर पूजा-अर्चना करते हैं और गौ माता को स्नान करवाकर उनका श्रृंगार करते हैं। गायों के माथे पर रोली और चंदन का तिलक लगाया जाता है। उन्हें फूलों की माला पहनाकर गुड़, हरा चारा, रोटी और फल खिलाए जाते हैं। कई स्थानों पर गौ माता की आरती और परिक्रमा की जाती है। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के भजन, संकीर्तन और धार्मिक कथाओं के आयोजन होते हैं। श्रद्धालु गौशालाओं में पहुंचकर गायों को चारा खिलाते हैं और अपनी श्रद्धा के अनुसार सहयोग प्रदान करते हैं।

भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान

भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। धार्मिक मान्यताओं में गाय को समृद्धि, पवित्रता, करुणा और सेवा का प्रतीक माना जाता है। ग्रामीण जीवन से लेकर कृषि और अर्थव्यवस्था तक गाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दूध, दही, घी और छाछ जैसे खाद्य पदार्थों के माध्यम से गाय लंबे समय से भारतीय परिवारों के पोषण का आधार रही है। कृषि क्षेत्र में भी गौवंश की उपयोगिता महत्वपूर्ण रही है। गोबर का उपयोग जैविक खाद तैयार करने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने और बायोगैस उत्पादन में किया जाता है। पारंपरिक खेती में गोबर और गौमूत्र का उपयोग विभिन्न रूपों में किया जाता रहा है। इस प्रकार गौवंश ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रहा है।

गौशालाओं में सेवा कार्यों का महत्व

गोपाष्टमी के अवसर पर गौशालाओं में विशेष रूप से सेवा गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। श्रद्धालु गायों के लिए हरे चारे, गुड़ और अन्य खाद्य सामग्री की व्यवस्था करते हैं। कई लोग गौशालाओं में आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते हैं। बेसहारा, घायल और बीमार गायों की देखभाल के लिए समाज के लोगों को आगे आने की प्रेरणा दी जाती है। हालांकि गौ सेवा का महत्व केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए। वर्षभर गौवंश के भोजन, पानी, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्था करना भी उतना ही आवश्यक है। विशेषकर सर्दियों और गर्मियों के मौसम में पशुओं को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाने के लिए उचित प्रबंध जरूरी हैं।

निराश्रित गौवंश की सुरक्षा भी बड़ी जिम्मेदारी

गोपाष्टमी के अवसर पर गौ संरक्षण के साथ निराश्रित गौवंश की समस्या पर भी ध्यान देना जरूरी है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार गायें सड़कों पर घूमती नजर आती हैं। भोजन की तलाश में वे कचरे और प्लास्टिक तक पहुंच जाती हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से नुकसानदायक हो सकता है। सड़क दुर्घटनाओं में भी कई बार गौवंश घायल हो जाता है। ऐसे में गौ सेवा का वास्तविक अर्थ केवल पूजा करना नहीं, बल्कि उनके लिए सुरक्षित आश्रय, स्वच्छ भोजन, पर्याप्त पानी और समय पर उपचार की व्यवस्था करना भी है। समाज, गौशालाओं और संबंधित संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों से इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा सकता है।

नई पीढ़ी को भी जोड़ने की जरूरत

आधुनिक जीवनशैली में नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित करवाना आवश्यक है। गोपाष्टमी ऐसा अवसर है, जब बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के गौ प्रेम, पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भावना के बारे में बताया जा सकता है। बच्चों को गौशालाओं में ले जाकर गौवंश के महत्व और उनकी देखभाल के बारे में जानकारी देना एक सकारात्मक पहल हो सकती है।

पूजा के साथ सेवा का भी लें संकल्प

गोपाष्टमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि धार्मिक आस्था तभी सार्थक होती है, जब वह हमारे व्यवहार और कर्मों में भी दिखाई दे। गौ माता की पूजा के साथ उनकी नियमित सेवा और सुरक्षा का संकल्प लेना समय की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार गौशालाओं में सहयोग, चारे की व्यवस्था, पानी के प्रबंध और घायल पशुओं की सहायता कर सकता है। भगवान श्रीकृष्ण का गौ प्रेम आज भी समाज को करुणा, प्रेम और जीवों के प्रति दायित्व का संदेश देता है। गोपाष्टमी के इस पावन अवसर पर यही कामना है कि गौवंश सुरक्षित रहे, गौशालाएं सशक्त बनें और समाज में सेवा एवं संरक्षण की भावना निरंतर मजबूत होती रहे।

सूर्यकुमार ने 29 गेंदों पर ठोके 82 रन, मुंबई को मिली आसान जीत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सूर्यकुमार यादव का शानदार फॉर्म जारी रहा। सोमवार को ग्रुप डी के मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 82 रन बनाए, जिससे मुंबई ने गुजरात के खिलाफ एक आसान जीत हासिल की। पूर्व भारतीय टी 20 कप्तान की लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी की मदद से मुंबई ने 198 रनों के लक्ष्य को महज 15.4 ओवर में हासिल कर लिया। गुजरात ने आशुतोष शर्मा और विशाल जायसवाल की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत 197 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। आशुतोष ने 22 गेंदों पर 42 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 21 गेंदों पर 38 रन जोड़कर अपनी टीम को एक मजबूत फिनिश दिया। लेकिन मुंबई की जवाबी पारी में सूर्यकुमार छाए रहे, जिन्होंने एक बार फिर अपने आक्रामक शॉट्स का प्रदर्शन किया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 82 रनों की पारी में सात छक्के और नौ चौके लगाए। उनकी इस पारी ने जीत की नींव रखी और मुंबई ने चार ओवर से भी ज्यादा गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सरफराज खान ने भी शानदार साथ दिया और महज 17 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए। सूर्यकुमार, जो भारत को लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जिताने के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, ने इस टूर्नामेंट की जोरदार शुरुआत की है। 14 नवंबर को हैदराबाद के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में भी उन्होंने सिर्फ 21 गेंदों पर 60 रन बनाए थे। इससे पहले, मुंबई के गेंदबाजों ने भी अपना काम बखूबी किया और गुजरात को एक बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका। शार्दुल ठाकुर और अथर्व अंकोलेकर ने तीन-तीन विकेट लिए और वे टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उत्तराखंड पांच विकेट से जीता

ग्रुप डी के एक अन्य मुकाबले में, उत्तराखंड ने 169 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए गोवा पर पांच विकेट से जीत दर्ज की। गोवा की पारी मुख्य रूप से ओपनर अभिनव तेजराना के इर्द-गिर्द रही, जिन्होंने 36 गेंदों पर 76 रन बनाए। हालांकि, बाकी बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके और गोवा की पूरी टीम 19.4 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई।उत्तराखंड ने लक्ष्य का पीछा आसानी से कर लिया और 18.1 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। आरव महाजन ने 38 गेंदों पर नाबाद 60 रन बनाए, जबकि तेजस्वी जायसवाल ने सिर्फ 20 गेंदों पर 46 रन बनाकर पारी को एक आक्रामक शुरुआत दी। विदर्भ ने ओडिशा को आठ विकेट से हरायाकोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी ग्राउंड में, विदर्भ ने ओडिशा को आठ विकेट से हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। टूर्नामेंट में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है। विदर्भ के लिए नचिकेत बुटे सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार विकेट लिए और ओडिशा को उनके 20 ओवरों में 161/8 के स्कोर पर रोक दिया। ओडिशा के लिए ओपनर गौरव चौधरी ने सबसे ज्यादा 53 रन (28 गेंदों पर) बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज इस अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और टीम कोई बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही।लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ के ओपनर्स अथर्व तायडे और दानिश मालेवार ने शानदार खेल दिखाया। दोनों ने 80 गेंदों पर 125 रनों की साझेदारी करके मैच को ओडिशा की पकड़ से दूर कर दिया। तायडे ने 48 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि मालेवार 42 गेंदों पर 67 रन बनाकर नाबाद रहे। विदर्भ ने सिर्फ दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।




भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026



218 विद्यार्थी 90% से ऊपर
वर्ष 2020 एवं 2026 में
2 बार राजस्थान टॉपर के साथ
IIT Advanced में सलेक्शन

1st RAJASTHAN TOPPER
500/500
Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100
भारती निकेतन के लाल का कमाल
Bhagirath 100.00%



यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers
70144-44381